# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 29 अगस्त, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-august-2020

## खेल पुरस्कारों की राशि में वृद्धि

राष्ट्रीय खेल और साहसिक कार्य पुरस्कार की 7 श्रेणियों में से 4 श्रेणियों में पुरस्कार की राशि बढ़ा दी गई है। खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर घोषणा की कि राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार की राशि साढ़े सात लाख रूपए से बढ़ाकर 25 लाख रूपए कर दी गई है। अर्जुन पुरस्कार और द्रोणाचार्य आजीवन पुरस्कार की राशि 5-5 लाख रूपए से बढ़ाकर 15-15 लाख रूपए कर दी गई है। द्रोणाचार्य नियमित और ध्यानचंद पुरस्कार की राशि भी पांच-पांच लाख रूपए से बढ़ाकर दस-दस लाख रूपए कर दी गई है। राजीव गांधी खेल रत्न जिसे आधिकारिक तौर पर 'स्पोर्ट्स एंड गेम्स में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' के रूप में जाना जाता है, भारत गणराज्य का सर्वोच्च खेल सम्मान है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1991–92 में हुई थी। यह पुरस्कार **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (Ministry of Youth Affairs and Sports)** द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

## रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविदयालय

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 29 अगस्त को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के महाविद्यालय और प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का उद्देश्य देश में कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करना, देश तथा विश्व में इनका विपणन करना और किसानों को उद्यमी बनाना है। प्रधानमंत्री के अनुसार, जब किसान और कृषि, उद्योग का रूप लेकर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से गाँवों में रोज़गार और स्व-रोज़गार के अवसर पैदा होंगे। रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है, जिसे भारत सरकार द्वारा संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में वर्ष 2014 में स्थापित किया गया है। । विश्वविद्यालय का मुख्यालय उत्तर प्रदेश राज्य के झांसी में स्थित है। विश्वविद्यालय को कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा सीधे वित्त पोषित किया जाता है।

## भारत-सिंगापुर रक्षा नीति वार्ता

भारत और सिंगापुर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 14वीं रक्षा नीति वार्ता आयोजित की है। सम्मेलन की अध्यक्षता रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और उनके सिंगापुर में समकक्ष चैन हेंग के द्वारा की गई। दोनों देशों के बीच सुरक्षा साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि करते हुए दोनों अधिकारियों ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव के मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के अंत में दोनों देशों ने **मानवीय सहायता और आपदा राहत (Humanitarian Assistance & Disaster Relief-HADR)** पर पारस्परिक कार्यान्वयन हेतु

समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी रक्षा सहयोग के साथ रणनीतिक मुद्दों और भू राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिये एक नियमित मंच प्रदान करना है। इस बैठक में आतंकवाद का मुकाबला करने और एक-दूसरे की नौसेना को सुविधा और रसद सहायता प्रदान करने पर भी चर्चा हुई है।

## स्टार्टअप चैलेंज प्रतियोगिता ‘चुनौती’

देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ((Ministry of Electronics and Information Technology-MeitY)** ने एक नया कदम उठाया है। मंत्रालय ने 'चुनौती' नामक नई पीढ़ी की एक स्टार्टअप प्रतियोगिता लॉन्च की है। इसका उद्देश्य देश के टियर-2 शहरों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर उत्पादों को बढ़ावा देना है। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक वक्तव्य के अनुसार, इस कार्यक्रम के लिये सरकार ने तीन वर्ष में 95.03 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया है। इसका उद्देश्य चिन्हित क्षेत्रों में काम कर रहे लगभग 300 स्टार्टअप की पहचान करना, उन्हें 25 लाख रुपये तक की शुरुआती राशि और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।